# ब्राइट स्कॉलर सीनियर सैकेंडरी के शिवेन ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

सोनीपत, 19 जुलाई 2025 को भारत विकास परिषद की  ओर से शंभू दयाल स्कूल, गोहाना रोड, सोनीपत में वीर रस कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।  जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में ब्राइट स्कॉलर सीनियर सैकेंडरी स्कूल से कक्षा आठवीं के छात्र शिवेन ने कनिष्ठ वर्ग  में प्रतिभाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने अपने गायन के द्वारा सभी दर्शकों में वीरता और जोश भर दिया।

विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्या डाक्टर किरण दलाल एवं समस्त शिक्षकगण ने शिवेन का गर्वपूर्ण स्वागत किया तथा उसकी प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को अपने लिए गौरव की बात बताया।